मसूरी–देहरादून मार्ग पर कुठाल गेट पर करीब दो किलोमीटर का लगा लंबा जाम।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले सतपाल महाराज

**संवाददाता** दिल्ली/देहरादून। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान श्री महाराज ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनाव 2022 की तैयारियों के विषय में भी चर्चा की। महाराज ने उन्हें बताया कि प्रदेश में पर्यटन विभाग अनेक धार्मिक सर्किट को विकसित करने में लगा है।

### अम्बरोसिया होटल के नये बिग बफट का मंत्री गणेश जोशी ने किया उद्धघाटन

**संवाददाता** देहरादून। राजपुर रोड स्थित रेस्टोरेंट अम्बिरोशिया के नये कांसेप्ट, बिग बफट का उद्धघाटन गणेश जोशी, मंत्री समाज कल्याण, सैनिक कल्याण, उत्तराखंड ने रिबन काट कर किया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने प्रसन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि रु 513 में 24–25 किस्म के व्यंजनों को टैक्स सहित उपलब्ध कराना किफायती दाम हैं, इस से आम आदमी को भी होटल के नये कांसेप्ट से लाभ मिलेगा।

### स्वास्थ्यमंत्री ने किया मैक्स अस्पताल में नए मेडिकल आईसीयू व रेडियल लाउंज का उद्घाटन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने आज गंभीर रूप से बीमार रोगियों के लिए मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में नए मेडिकल आईसीयू और हृदय रोग से ग्रसित गंभिर मरीजों के लिए रेडियल एंजियोग्राफी लाउंज का उद्घाटन किया। क्रटिक्ल केयर की जरूरत वाले मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तोरी को देखते हुए मैक्स अस्पताल ने आईसीयू बेड का विस्तार करने का फैसला किया। इन बेड के जुड़ने के बाद से अस्पताल में बुनियादी ढ़ाचे में बहुत सुधार हुआ हैं।

### इमार्टिकस लर्निंग ने डाटा साइंस व इन्वेसटमैंट बैंकिंग पर आयोजित किया सेमिनार

**संवाददाता** देहरादून। दुनिया एक ग्लोबल बिजनेस हब बनती जा रही है। उत्तराखण्ड भी ग्लोबल बिजनेस हब की और बढ़ रहा है। रोजगार के नए–नए अवसर खुल रहे है। इसी को लेकर उत्तराखण्ड में रोजगार के नए अवसर खोलने के लिए इमार्टिकस लर्निंग नें सर्वे चौक स्थित आईटीडीआर स्टेडियम में युवाओं के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं को डाटा साइंस, इन्वेस्टमैंट बैंकिंग व रिटेल बैंकिंग के बारे में जानकारी दी गई।

# उत्तराखंड को बनायेंगे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक राजधानी: सीएम

**लोकार्पण**

■ समारोह में किया 16431.72 लाख लागत की कुल 49 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण ■ टिहरी यूथ क्लब का हुआ उद्घाटन और हिलांस तुलसी चाय का अनावरण

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लाभार्थियों को वितरित किए चेक

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड को देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह काम समाज, संतों और सरकार के संयुक्त प्रयास से ही पूरा हो सकेगा। योजना बनाई जा रही है कि अगले 10 वर्ष में उत्तराखण्ड को देश का नंबर 1 राज्य बनाया जा सके। यह बात उन्होंने टिहरी जिला मुख्यालय में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कही।

समारोह में उन्होंने 16431.72 लाख लागत की कुल 49 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण, टिहरी यूथ क्लब का उद्घाटन, देवप्रयाग के वैष्णो माता ग्राम संगठन के हिलांस तुलसी चाय उत्पाद का अनावरण और पर्यटन आवास गृह सुनहरीगाड जाखणीधार की चाबी का हस्तांतरण किया। इसके अलावा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लाभार्थियों को चेक भी वितरित किए। टिहरी जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए उन्होंने शानदार अभिनंदन के लिए क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्षों पहले उनका कई बार टिहरी आना हुआ है, आज टिहरी झील देखकर पहले की स्मृतियां ताजा हुईं तो मैं भावुक हो गया, लेकिन टिहरी के लोग बहुत सौभाग्यशाली हैं। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश में सी प्लेन की व्यवसायिक उड़ान का जो सपना देख रहे हैं, उसी तर्ज पर जल्दी से जल्दी टिहरी झील में सी प्लेन उतारा जाएगा। इतना ही नहीं टिहरी को अत्याधुनिक शहर बनाने के लिए विश्व स्तरीय कंसल्टेंट हॉयर किए जायेंगे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड के विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का लगातार मार्गदर्शन और सहयोग मिल रहा है। केन्द्र सरकार के सहयोग से उत्तराखण्ड में आगामी दिसंबर माह तक कोरोना टीकाकरण अभियान को पूरा कर लिया जाएगा। सभी को मुफ्त कोरोना टीका उपलब्ध करवाने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम के बाद अब बदरीनाथ धाम को स्मार्ट और सुविधाजनक बनाने के प्रोजेक्ट पर काम शुरू की जाएंगी।

**11242 लाख की योजनाओं का लोकार्पण और 5188 लाख की**

### शहीद की माता को किया सम्मानित

समारोह में मुख्यमंत्री ने कारगिल शहीद दिनेश दत्त बहुगुणा की माता जी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया।

**ये लोग रहे मौजूदः** समारोह में टिहरी के प्रभारी और कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, स्थानीय विधायक धन सिंह नेगी, धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार, घनसाली विधायक शक्तिलाल शाह, प्रतापनगर विधायक विजय सिंह पंवार 'गुड्डू', टिहरी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोना सजवान, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री विनोद रतूड़ी, जिलाधिकारी टिहरी श्रीमती ईवा आशीष श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्रीमती तृप्ति भट्ट समेत तमाम गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

**योजनाओं का हुआ शिलान्यास** मुख्यमंत्री श्री धामी ने टिहरी में 16431.72 लाख लागत की कुल 49 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इन योजनाओं में से 11242.94 लाख की 37 योजनाओं का लोकार्पण और 5188.78 लाख की 12 योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

# जीरो पेंडेंसी पर काम करें अधिकारी: मुख्यमंत्री

**समीक्षा**

■ मुख्यमंत्री ने टिहरी जिले की विकास योजनाओं की समीक्षा की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान जिला कार्यालय सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। सीएम ने बैठक में कोविड–19 टीकाकरण की स्थिति, खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित योजनाओं, जल जीवन मिशन, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, सीएम हेल्प लाइन, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट इत्यादि की जानकारी ली।

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के तहत 407 लाभार्थियों का चयन किया गया है। मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट वितरण योजना के तहत अप्रैल से जून तक 740 किट प्राप्त हुई थी जिसमें से 640 का वितरण किया जा चुका है जबकि जुलाई व अगस्त हेतु डिमांड भेजी गयी है। वन भूमि हस्तांतरण के 201 प्रकरणों में से 107 पर सैद्धांतिक स्वीकृति मिलना बताया गया है जबकि 57 एप्रूव्ड व 4 प्रकरण चीफ कंजरवेटर स्तर पर लंबित होना बताया गया हैं। मुख्यमंत्री स्वरोजगार शिविरों का आयोजन अब तक तक सात विकास खंडों में किया जा चुका है जिसमें स्वरोजगार से संबंधित कुल 1800 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण सड़कों के अवरुद्ध होने पर प्रशासन द्वारा उनको खोले



जाने की कार्यवाही की भी जानकारी ली। उन्होंने बैठक में जेसीबी ऑपरेटर को सीधे फोन कॉल कर उनकी लोकेशन के साथ–साथ अन्य जानकारी भी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नो पेंडेंसी पर कार्य कर रही है जिसके तहत शासन से लेकर जिला प्रशासन स्तर पर किसी भी कार्यालय में कोई भी मामले लंबित रहने पाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए दूरस्थ गांव से अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु कार्यालयों में आने वाले आम जनमानस की समस्याओं का निस्तारण हो सके, इस हेतु सभी कार्यालयों में प्रातः 10:00 से 12:00 तक सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### सीएम ने डोबरा चांठी पुल फ्लोटिंग हट्स का भी निरीक्षण किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने एक दिवसीय टिहरी जनपद भ्रमण के दौरान कोटी कॉलोनी में टिहरी झील का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने डोबरा चांठी पुल फ्लोटिंग हट्स का भी निरीक्षण किया। टिहरी झील को विश्वस्तरीय पर्यटक स्थल बनाने के लिए वेपकॉस कंपनी को तीन माह में डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए है।

1200 करोड़ के इस प्रोजेक्ट से झील के आसपास व्यवस्थाएं स्थापित की जानी है। इससे बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि टिहरी झील को विश्व स्तरीय टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है उन्होंने कहा कि टिहरी झील में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिस को मूर्त रूप देने के लिए बुनियादी सुविधाएं स्थापित की जाएगी ताकि पर्यटकों के आवागमन से स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो सके।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।